अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,8 अक्टूबर 2025

PAGE NO : IV TOP

# यूपी अंडर-19 टीम में बरेली के दक्ष चंदेल का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की है। वीनू मांकड़ ट्रॉफी रांची में 9 से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इसकी अंडर-19 टीम में बरेली के युवा खिलाड़ी दक्ष चंदेल का चयन किया गया है। दक्ष टीम के साथ जुड़ने रांची के लिए रवाना हो गए हैं।

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के बाएं हाथ के स्पिनर दक्ष चंदेल के चयन से अकादमी में उत्साह का माहौल है। अकादमी के कोच मनीष सिंह ने बताया कि दक्ष ने हाल ही में वीनू मांकड़ ट्रॉफी के ट्रायल मैचों में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया और आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन की पूरी संभावना है। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने अब तक कई प्रतिभाशाली बाएं हाथ के स्पिनर तैयार किए हैं। इनमें अनंत भटनागर, अर्पित यादव और शुभम मिश्रा शामिल हैं। दक्ष के चयन पर उनके माता-पिता अमित सिंह एवं नीरजा चौहान, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, अध्यक्ष सरफराज वली खां, उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर, संयुक्त सचिव ओपी कोहली, आदेश तिवारी व रोहित चौहान, मो. यूसुफ, अनुज शर्मा ने दक्ष को शुभकामनाएं दीं।